web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक


दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

Social Justice Union (Govt. Registered)


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 15 नवंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 47

## बुलडोजर जस्टिस' पर रोक नहीं.. इन 7 नियमों के पालन के बाद हो सकता है एक्शन

नई दिल्ली । आरएनएस



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 'बुलडोजर जस्टिस' 'के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए रोक लगा दी। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने प्रशासन द्वारा आरोपियों/दोषियों के घरों को जमींदोज करने पर सख्त टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में मनमाना रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारी मनमाने तरीके से काम नहीं कर सकते, अगर इस तरह से बुलडोजर चलाया तो भरपाई अफसर ही करेगा।

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि किन स्थितियों में बुलडोजर कार्रवाई मान्य होगी। यानी कोर्ट के फैसले के बाद बुलडोजर पर पूरी तरह से ब्रेक नहीं लगा है, कई परिस्थितियों में अभी भी बुलडोजर कार्रवाई की जा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अधिकारियों को यह भी बताया जाना चाहिए कि अगर बुलडोजर एक्शन में कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन पाया जाएगा, तो संबंधित अधिकारियों को नुकसान के भुगतान के अलावा ध्वस्त की गई संपत्ति की प्रतिपूर्ति के लिए अपने व्यक्तिगत खर्च पर जिम्मेदार ठहराया जाएगा। अदालत ने कहा कि महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को रातों-रात सडक़ों पर घसीटते हुए देखना सुखद दृश्य नहीं है। अगर अधिकारी कुछ वक्त के लिए अपना हाथ थामे रहें, तो उन पर कोई आफत नहीं टूटेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने बुलडोजर कार्रवाई पर फैसला सुनाते हुए कई दिशानिर्देश जारी किए हैं। अब प्रशासन को किसी जगह पर बुलडोजर कार्रवाई करने से पहले इन निर्देशों के तहत सुनिश्चित करना होगा कि संरचना पर कार्रवाई की जा सकती है या नहीं।

1- सिर्फ आरोपी या दोषी होने पर घर नहीं गिराया जा सकता।

2- मामला सुलझने के काबिल है या नहीं।

3- बुलडोजर एक्शन से पहले नोटिस।

4- व्यक्तिगत सुनवाई का वक्त।

5- प्रशासन को ये बताना होगा कि बुलडोजर एक्शन क्यों जरूरी है।

6- संरचना गिराने की प्रक्रिया बतानी होगी।

7- गाइडलाइन तोडऩे पर अफसर के खिलाफ कार्रवाई होगी।

सरकार का बड़ा फैसला

## पीसीएस-प्री की परीक्षा में 'वन डे वन शिफ्ट' को मंजूरी, आरओ-एआरओ परीक्षा भी स्थगित

नई दिल्ली । आरएनएस




उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस-प्री और आरओ-एआरओ की परीक्षा में वन डे वन डे वन शिफ्ट का मंजूरी दे दी है। प्रयागराज में छात्रों द्वारा लंबे समय से की जा रही मांगों और विरोध प्रदर्शनों को आखिरकार सफलता मिली है।

छात्रों की प्रमुख मांग थी कि पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2024 को एक ही दिन में आयोजित किया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए आयोग को छात्रों के साथ संवाद और समन्वय बनाकर आवश्यक निर्णय लेने के निर्देश दिए। इस पहल के बाद उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने परीक्षा को एक दिन में आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, आरओ/एआरओ (प्रा.) परीक्षा 2023 के संबंध में भी एक समिति का गठन किया गया है। यह समिति सभी आवश्यक पहलुओं का मूल्यांकन कर अपनी विस्तृत रिपोर्ट जल्द ही प्रस्तुत करेगी।

इससे पहले अभ्यर्थियों के आंदोलन के चौथे दिन गुरुवार को धरनास्थल पर कथित अराजक तत्वों की घुसपैठ पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में लिया। पुलिस उपायुक्त (नगर) अभिषेक भारती ने बताया कि लोक सेवा आयोग के समक्ष अभ्यर्थी आंदोलन कर रहे हैं। 50-60 अभ्यर्थियों के बीच आपराधिक प्रवृत्ति के कुछ लोग घुस गए और प्रशासन से संवाद कर रहे अभ्यर्थियों को रोकने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि ये अराजक तत्व, आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों को भडक़ाने का भी प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया है. किसी भी अभ्यर्थी को हिरासत में नहीं लिया गया है।

## गजब की डॉक्टरी! बच्चे की बाईं आंख में थी समस्या, डॉक्टरों ने दाईं का कर दिया ऑपरेशन

नोएडा । आरएनएस



देश की राजधानी दिल्ली से सटे बड़े शहर ग्रेटर नोएडा में डॉक्टरों की लापरवाही का एक ऐसा मामला सामने आया है। दरअसल 7 साल की मासूम बच्ची की दाहिनी आंख में दिक्कत थी, जिसको लेकर परिजन ग्रेटर नोएडा के गामा -1 स्थित आनंद स्पेक्ट्रम हॉस्पिटल गए। जहां डॉक्टर ने ऑपरेशन करने की बात परिजनों से कहीं। परिजन बच्ची के उपचार के लिए तैयार हो गए। डॉक्टर ने ऑपरेशन में करीब 45-50 हजार का खर्च भी बताया। परिजन इस पर भी राजी हो गए।

परिजनों के राजी होने के बाद डॉक्टर ने ऑपरेशन शुरू किया और जब बच्ची का ऑपरेशन हो गया। बच्ची को आराम नहीं मिला तो परिजनों ने देखा कि जिस आंख का ऑपरेशन होना था, उस आंख का तो ऑपरेशन ही नहीं हुआ। डॉक्टर ने दूसरी आंख का ऑपरेशन कर दिया। यानी तकलीफ बाए आंख में थी और डॉक्टर ने ऑपरेशन दाहिनी आंख का कर दिया। हालांकि इसकी शिकायत जब परिजनों ने पुलिस से की तो पुलिस ने डॉक्टर को थाने में बुलाया। जिसके बाद डॉक्टर ने पुलिस के सामने ही कबूल किया कि उसने ऑपरेशन गलत कर दिया।

हालांकि इस लापरवाही के बाद परिजन काफी ज्यादा गुस्से में है और वह डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## बाबा सिद्दीकी की मौत हुई या नहीं... कंफर्म करने के लिए अस्पताल गया था शूटर, पुलिस की जांच में हुए बड़े खुलासे

मुंबई । आरएनएस




एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की कुछ ही दिनों पहले मुंबई में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्या का आरोप लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर लगा है। पुलिस इस केस में लगातार कार्रवाई कर रही है और कई आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन सब के बीच बाबा सिद्दीकी की हत्या में शामिल शूटर शिव ने पुलिस के सामने बड़े खुलासे किए हैं। उसने खुलासा किया है कि बाबा सिद्दीकी हत्याकांड को अंजाम देने के बाद वह उनकी मौत पर अपडेट लेने के लिए अस्पताल भी गया था।

**आरोपी ने किया बड़ा खुलासा**

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में शूटर शिवकुमार गौतम फिलहाल मुंबई पुलिस की हिरासत में है। उससे पूछताछ के दौरान पुलिस को कई बातें साफ होती नजर आ रही हैं। पूछताछ के बीच शिवकुमार गौतम ने मुंबई पुलिस को बताया की हत्या के बाद वह वहां से चला गया और अपना शर्ट बदलकर दोबारा घटनास्थल पर पहुंचा था। यहां उसे कोई जानकारी नहीं मिल पा रही थी। इसके बाद उसने ऑटो लिया और सीधा लीलावती अस्पताल भी पहुंचा था। आरोपी को वारदात की जगह पर कोई खबर नहीं मिल पा रही थी। इसलिए वह अपडेट पता करने अस्पताल पहुंचा था।

**ट्रेन से गांव निकल गया था आरोपी**

शूटर शिवकुमार गौतम ने पुलिस को यह भी बताया कि किस प्रकार से घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर एक खाली कार के अंदर उसने अपना हथियार वाला बैग रखा था। अस्पताल से मौत की खबर मिलने के बाद आरोपी कुर्ला गया और कुर्ला से ठाणे। वहां से वह पुणे गया और फिर उत्तर प्रदेश की ट्रेन पडक़र गांव निकल गया। बीच रास्ते में उसने अपना फोन भी तोड़ दिया और साथ ही नया फोन भी खरीद लिया।

## सीजेआई संजीव खन्ना का दिखा एक्शन, चंद्रचूड़ ने जिस प्रथा को बंद किया था उसे फिर किया लागू

नई दिल्ली । आरएनएस



भारत के नए चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने 16 पीठों को नए मामलों के आवंटन के लिए एक नया रोस्टर जारी किया है। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया है कि प्रधान न्यायाधीश और दो वरिष्ठतम न्यायाधीशों की अध्यक्षता वाली पहली तीन अदालतें क्रमश: पत्र याचिकाओं और जनहित याचिकाओं की सुनवाई करेंगी। प्रधान न्यायाधीश के आदेश के तहत नए मामलों के आवंटन के लिए रोस्टर को सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री ने अधिसूचित किया और यह 11 नवंबर से प्रभावी हो गया है।

नागरिकों द्वारा सर्वोच्च न्यायालय को लिखे गए पत्रों से उत्पन्न नयी याचिकाओं और नयी जनहित याचिकाओं (पीआईएल) की सुनवाई प्रधान न्यायाधीश और दो वरिष्ठतम न्यायाधीशों न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ करेंगी। पत्र याचिकाओं और जनहित याचिकाओं के अलावा, प्रधान न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ अधिकतम मुद्दों पर विषयवार विचार करेगी, जिनमें सामाजिक न्याय से संबंधित मामले, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति के चुनाव से संबंधित विवाद और सांसदों और विधायकों के चुनाव से संबंधित अन्य मामले, बंदी प्रत्यक्षीकरण मामले और मध्यस्थता के मामले शामिल हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ चुनाव संबंधी याचिकाओं पर भी सुनवाई करेगी। पूर्व प्रधान न्यायाधीश यूयू ललित सभी पीठों को जनहित याचिकाएं आवंटित करते थे और लेकिन पूर्व प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने इस प्रथा को बंद कर दिया था। विषयवार मामलों का आवंटन 16 वरिष्ठ न्यायाधीशों को किया गया है जो पीठों की अध्यक्षता करेंगे। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला, जो पूर्व प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ के साथ पीठ साझा कर रहे थे वह सामान्य दीवानी मामलों के अलावा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर मामलों को भी देखेंगे।

सीजेआई सहित तीन वरिष्ठतम न्यायाधीशों के अलावा, अन्य 13 न्यायाधीश हैं- न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति एएस ओका, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पंकज मिथल।

## अफगानिस्तान : पुलिस का बड़ा ऑपरेशन, भारी मात्रा में अवैध ड्रग्स बरामद, नौ गिरफ्तार

कंधार

अफगानिस्तान के कंधार प्रांत में काउंटर नारकोटिक्स पुलिस ने हेरोइन समेत भारी मात्रा में अवैध ड्रग्स बरामद की। नौ कथित ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता मुल्ला असदुल्ला जमशेद ने बुधवार को दी।

अधिकारी ने बताया कि हाल ही में कई अभियानों के दौरान 3 किलो हेरोइन, 122 किलो अफीम, 2 किलो हशीश और हेरोइन बनाने में इस्तेमाल होने वाली दो टन से अधिक सामग्री शामिल है।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने हाल ही में 2.5 एकड़ की हशीश फार्म को भी नष्ट कर दिया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, प्रांत में किसी को भी अवैध ड्रग्स का उत्पादन या तस्करी करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अफगान कार्यवाहक सरकार पूरे देश में अवैध ड्रग्स, ड्रग उत्पादन और तस्करी को खत्म करने पर जोर दे रही है।

इसी तरह के एक अभियान में, पुलिस ने एक महीने पहले पश्चिमी अफगानिस्तान के निमरोज प्रांत में 48 किलो हेरोइन समेत 900 किलो अवैध ड्रग्स बरामद की और तस्करी के आरोप में चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया।

पिछले महीने ही अफगानिस्तान के परवान प्रांत से 33 किलोग्राम अवैध ड्रग्स के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया था।

## स्कूल बस में लगी आग, बच्चों को सकुशल निकाला

गाजियाबाद । आरएनएस



गाजियाबाद के कौशांबी इलाके में आज सुबह एक स्कूल बस में आग लग गई। जिस समय आग लगी उस समय बस में 15-16 बच्चे सवार थे। मौके पर मौजूद लोगों ने बच्चों को सकुशल बाहर निकाला और फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने बस में लगी आग पर काबू पाया।

आसपास के लोगों के मुताबिक समय रहते बच्चों को बस से बाहर निकाल लिया गया था। बस के सभी शीशे और दरवाजे बंद थे। अगर सही समय पर बच्चों को बाहर न निकाला जाता तो एक बड़ा हादसा हो सकता था।

फायर विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक फायर स्टेशन वैशाली में सुबह 7:32 बजे सूचना प्राप्त हुई कि श्री रेजिडेंसी कौशांबी थाने के पीछे स्कूल बस में आग लगी है। सूचना प्राप्त होते ही सीएफओ गाजियाबाद अपनी टीम और दो फायर टैंकर के साथ मौके के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर पहुंचे फायर कर्मचारियों ने देखा कि मदर्स ग्लोबल स्कूल प्रीत विहार, दिल्ली की एसी बस में आग लगी हुई है। कर्मचारियों ने तत्काल आग बुझाने का काम शुरू किया। थोड़ी ही देर में फायर सर्विस यूनिट ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।

फायर विभाग ने बताया है कि आग लगने के समय बस में सवार बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। सीएफओ के मुताबिक बस में आग लगने की घटना की जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर तत्काल कार्रवाई न की जाती, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## कोविड में बढ़ाया था मदद का हाथ, अब पीएम मोदी को डोमिनिका देगा अपना सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान

नई दिल्ली । आरएनएस



डोमिनिका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित करेगा। कोविड-19 महामारी के दौरान कैरेबियाई द्वीप राष्ट्र की मदद और दोनों देशों के बीच साझेदारी को मजबूत करने के प्रति समर्पण के लिए पीएम मोदी को यह सम्मान दिया जाएगा।

डोमिनिका के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन भारत-कैरिबियन समुदाय (कैरिकॉम) शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी को डोमिनिका सम्मान से सम्मानित करेंगी। डोमिनिका के पीएम ऑफिस के आधिकारिक बयान में कहा गया, फरवरी 2021 में, प्रधानमंत्री मोदी ने डोमिनिका को एस्ट्राजेनेका कोविड-19 वैक्सीन की 70,000 खुराकें उपलब्ध कराईं। एक उदार उपहार जिसने डोमिनिका को अपने कैरेबियाई पड़ोसियों को सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाया। इसमें कहा गया कि यह पुरस्कार पीएम मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी में डोमिनिका के लिए भारत के समर्थन को मान्यता देता है।

बयान में कहा गया कि पीएम मोदी ने जलवायु परिवर्तन और भू-राजनीतिक संघर्ष जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में सहयोग के महत्व पर जोर देते हुए पुरस्कार की पेशकश स्वीकार की। इसके मुताबिक पीएम मोदी ने इन मुद्दों को हल करने में डोमिनिका और कैरिबियन के साथ काम करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कई देशों द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया है। ये सम्मान प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और दूरदर्शिता का प्रतिबिंब हैं, जिसने वैश्विक मंच पर भारत के उदय को मजबूत किया है। यह दुनिया भर के देशों के साथ भारत के बढ़ते संबंधों को भी दर्शाते हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आगरा : पशुओं की नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़

**आगरा (आरएनएस)।** आगरा में पशुओं की नकली दवाएं बनाने वाली दो फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ हुआ है। यह कार्रवाई एसओजी, सर्विलांस और ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने की, जिसमें करोड़ों रुपये की नकली दवाएं, रॉ मटेरियल और मशीनरी बरामद की गई। इन दवाओं को गुजरात, मुंबई से लेकर विदेशों में एक्सपोर्ट किया जाता था और पूरे देश में सप्लाई की जाती थी। सूत्रों के मुताबिक नकली दवाएं एटा, कानपुर, अलीगढ़, जयपुर, पंजाब सहित अन्य क्षेत्रों में सप्लाई हो रही थीं। यह फैक्ट्री लोन लाइसेंस पर आगरा में चलाई जा रही थी, जिसका नाम उत्तराखंड के तासीपुर रुडक़ी में पंजीकृत था। फैक्ट्री के संचालक सौरव दुबे और अश्वनी गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों जीजा-साले हैं और मिलकर यह अवैध कारोबार चला रहे थे। बड़ी मात्रा में टैबलेट, इंजेक्शन और सीरप का जखीरा बरामद किया गया। इनमें बुखार, कीड़े, खुजली और एंटीबायोटिक जैसी दवाएं शामिल थीं। 12 प्रकार की अलग-अलग दवाओं के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। यह मामला थाना सिकंदरा के शास्त्रीपुरम क्षेत्र का है, और पुलिस अब आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### विमान में बम की सूचना पर मचा हडक़ंप, इमरजेंसी लैंडिंग करवाई; उड़ानें प्रभावित

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर गुरुवार को नागपुर से कोलकाता जा रहे एक विमान में बम की सूचना मिलने के बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। खबरों के अनुसार, विमान में बम होनने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा कारणों से रायपुर एयरपोर्ट पर उसकी इमरजेंसी लैंडिंग करने का निर्णय लिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा कर दिया गया और बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और विमान को तुरंत खाली करवा लिया गया। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं, इस घटना के बाद रायपुर एयरपोर्ट पर कुछ समय के लिए उड़ानें प्रभावित हुईं। सुरक्षा को लेकर विमान की जांच जारी है।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में सेना ने की बड़ी कार्रवाई, 12 आतंकियों को किया ढेर

**पेशावर ।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सुरक्षा बलों ने 12 आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। सैन्य अभियान के बारे में सेना ने इस बारे में जानकारी दी। आतंकियों के खिलाफ इस अभियान को सेना बड़ी कार्रवाई के रूप में देख रही है। सेना ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के मीरानशाह जिले में 13 नवंबर को पहला अभियान चलाया गया और उत्तरी वजीरिस्तान क्षेत्र में मुठभेड़ में 8 आतंकवादियों को मार गिराया गया। इस मुठभेड़ में 6 आतंकवादी घायल भी हुए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) के अनुसार दूसरे अभियान में सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान के केच जिले के बलगाट में एक कथित आतंकवादी ठिकाने को निशाना बनाया है।

### फर्जी आईडी से बैंक खाते खुलवाने के मामले में ईडी की एंट्री, महाराष्ट्र व गुजरात में 23 जगहों पर छापेमारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने कथित वोट जिहाद मामले के तहत महाराष्ट्र और गुजरात में 24 स्थानों पर छापेमारी की है। यह मामला मुख्य रूप से फर्जी दस्तावेजों और नकली ्यड्ढष्ट के माध्यम से बड़े पैमाने पर बैंक खाते खोलने से जुड़ा हुआ है। ईडी के सूत्रों के मुताबिक ये छापेमारी विशेष रूप से वित्तीय धोखाधड़ी और अवैध तरीके से बड़ी संख्या में बैंक खाते खोलने के मामले में की जा रही है। ईडी की जांच में पाया गया है कि कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों और नकली ्यड्ढष्ट के जरिए कई बैंक खातों को खोला गया। यह आरोप लगाया जा रहा है कि इन खातों का उपयोग वोट जिहाद के उद्देश्य से किया गया जिससे चुनावों में धोखाधड़ी की कोशिश की जा रही थी। ऐसे मामलों में बैंकिंग प्रणाली का दुरुपयोग कर जन प्रतिनिधित्व और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया गया था।